
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 53
मुरादाबाद
13 June 2025
(Friday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# लंदन जा रहा एअर इंडिया विमान अहमदाबाद में क्रैश : 242 लोग थे सवार,100 से ज्यादा शव मिले

## अहमदाबाद पुलिस आयुक्त बोले- नहीं लगता कोई बचा होगा



एअर इंडिया ने एक बयान में बताया कि विमान में सवार 242 यात्रियों में से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान में 242 यात्री सवार थे। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ। रॉयटर्स के मुताबिक, अभी तक 100 से अधिक शवों को अस्पताल लाया गया है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। विमान में मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल पर अग्निशमन दल की टीमें पहुंच गई हैं और राहत और बचाव कार्य जारी है। हादसे के बाद एअर इंडिया ने हॉटलाइन नंबर जारी किया है।अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग क्र787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था। हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली। साथ ही गृह मंत्री ने हरसंभव मदद की बात कही। एअर इंडिया ने भी हादसे की पुष्टि की है और बयान में कहा है कि वे हालात की समीक्षा कर रहे हैं। विमान में 169 भारतीय नागरिक सवार- एअर इंडिया ने एक बयान में बताया कि विमान में सवार 242 यात्रियों में से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एअर इंडिया ने जानकारी देने के लिए हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। एअर इंडिया ने अथॉरिटीज को पूरा समर्थन देने की बात कही है। AI171 दुर्घटना के मद्देनजर, सभी विवरणों के समन्वय के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। जिसका नंबर= 011-24610843 7 9650391859 है। डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुआ विमान- अहमदाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुई। सूचना मिलने के 2-3 मिनट के भीतर ही पुलिस अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। करीब 70-80 प्रतिशत इलाका क्लीयर करा लिया गया है। सभी एजेंसियां काम में जुटी हैं। डीजीसीए ने बताया- पायलट ने मेडे की कॉल की थी डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी इस विमान में सवार थे। क्रू मोदी ने विमान दुर्घटना की जानकारी ली- प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से बात की और विमान हादसे की जानकारी ली। मंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि वे बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए अहमदाबाद जा रहे हैं। पीएम मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से कहा है कि वे सभी आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं और स्थिति के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहें। सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और समन्वित प्रयास जारी हैं। अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (एसवीपीआईए) के प्रवक्ता ने बताया कि एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अहमदाबाद फिलहाल चालू नहीं है। अगली सूचना तक सभी उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए हैं।

अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। जीई एयरोस्पेस ने विमान हादसे पर जताया शोक वैश्विक कंपनी जीई एयरोस्पेस ने भी विमान हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर एक पोस्ट में जीई एयरोस्पेस ने लिखा- हम एयर इंडिया की फ्लाइट, द्ध-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुखी हैं। हम प्रभावित लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को सक्रिय कर दिया है, और हम अपने ग्राहक और जांच का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। पुर्तगाल के पीएम ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर पुर्तगाल के पीएम लुइस मोंटेनेग्रो ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे भारत में हुए दुखद विमानन हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें पुर्तगाली राष्ट्रीयता के 7 नागरिक शामिल थे। मैं अपनी और सरकार की ओर से पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और गहरी एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं।किसी के बचने की संभावना नहीं- अहमदाबाद कमिश्नर एपी ने अहमदाबाद आयुक्त जीएस मलिक के हवाले से बताया, %ऐसा प्रतीत होता है कि विमान दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है।% उन्होंने कहा कि चूंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जहां कार्यालय भी थे, इसलिए %कुछ स्थानीय लोग भी मारे गए होंगे।% उन्होंने कहा, %हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है।% बता दें कि, एअर इंडिया का ये विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 240 से अधिक लोग सवार थे।हादसे के बाद सेना की टीम राहत-बचाव में जुटी- भारतीय सेना अहमदाबाद के पास एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चल रहे मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए लगभग 130 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टीमें तैनात की गई हैं। भारतीय सेना की प्रतिक्रिया में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स वाली मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल , अग्निशामक यंत्रों और पानी के बाउजर के साथ अग्निशमन संपत्तियां और साइट प्रबंधन के लिए प्रोवोस्ट स्टाफ शामिल हैं। सैन्य अस्पताल को भी अलर्ट पर रखा गया है। सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें।अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद जर्मनी, चीन, रूस, फ्रांस ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की

## ◆ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने हादसे पर जताया दुख

अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने हमें एक विनाशकारी मानवीय त्रासदी का सामना करने पर मजबूर कर दिया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं। दुख की इस घड़ी में, पूरा देश उनके साथ एकजुटता से खड़ा है।

## ◆ विमान हादसे पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने जताया दुख

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्वीट किया, भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक नुकसान से पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में आपके और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## ◆ राष्ट्रपति मुर्मू ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

राष्ट्रपति भवन की तरफ से एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया- अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## ◆ पीएम मोदी ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे हृदय विदारक है। इस दुख की घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## ◆ राहुल गांधी ने विमान हादसे पर जताया दुख

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएं उनमें से प्रत्येक के साथ हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं - हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीन पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

## ◆ हादसे की खबर सुनकर सलमान ने कैंसिल किया इवेंट

बोले- इस वक्त जश्न मनाना ठीक नहीं अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। इस हादसे के बाद सलमान खान ने अपना मुंबई में इवेंट रद्द कर दिया।

## ◆ अहमदाबाद विमान हादसे पर राष्ट्रपति पुतिन ने जताया शोक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए यात्री विमान हादसे पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवेदना संदेश भेजा।व्लादिमीर पुतिन ने लिखा- आदरणीय राष्ट्रपति महोदया, आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय, अहमदाबाद में हुए यात्री विमान हादसे के दुखद परिणामों पर कृपया गहरी संवेदना स्वीकार करें। कृपया पीड़ितों के परिवारों और उनके करीबी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और समर्थन व्यक्त करें, साथ ही इस आपदा में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें।

## ◆ यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है- मुरलीधर मोहोल

अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा, %यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम सभी अहमदाबाद पहुंच रहे हैं...वहां राहत कार्य चल रहा है...हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

## ◆ तेजस्वी यादव ने विमान हादसे पर जताया दुख

अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर RJD नेता तेजस्वी यादव ने कहा, बहुत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। 242 लोग उसमें सवार थे। घटना जांच का विषय है। जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनके परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर नया एयरक्राफ्ट है, उसकी तकनीक अच्छी है। किस कारण से ऐसा हुआ ये टीम जांच के बाद ही बताएगी।

## ◆ अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर इंडिगो ने जताया शोक

इंडिगो ने पोस्ट किया, हम अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं यात्रियों, चालक दल और उनके परिवारों के साथ हैं। हम इस कठिन समय में एयर इंडिया के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की घटना पर जताया दुःख, प्रकट की संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की घटना पर दुख प्रकट किया है और जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना प्रकट की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट द्ध171 की दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर अत्यंत पीड़ादायक है। कई यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी सुरक्षित रहें और इस प्रकार की घटनाओं में जनहानि न हो।

उन्होंने शोकाकुल परिवारों को धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में के कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं।

## संपादकीय Editorial

### Citizens getting free from cantonment areas

The problems and needs of the people coming out of the military cantonment areas of the country want to find something in the new culture of self-governance. In the British era system, the management of cantonment areas has been done under a strict discipline tradition, where the free environment of post-independence was not found in the scope of civil rights. There were many walls and restrictions in the civilian settlements of cantonment areas, which are now being registered as a problem and by getting free from such a system, the way is being opened for the civil feeling to breathe freely in the normal i.e. local bodies. The civil isolation getting free from military cantonments is now at such a point that in the coming days, the cages of 36 more areas will be completely opened. In Himachal, Yol Cantonment has already said goodbye to the civil society and now six areas like Subathu, Dagshai, Kasauli, Dalhousie, Bakloh and Jatog will also become residents of free air. This can be a necessary step because in independent India, the pattern of civil society wants to open its every horizon in the scenario of politics. In fact, the budgetary provisions for the maintenance of cantonment areas kept getting weaker and the state schemes also remained untouchable. Separated from the national and state system, it became difficult for the common people of cantonment areas to live under the watch of discipline, and the fronts emerging from this population kept struggling to get themselves out. Now if the civil plots of 36 cantonment areas are separated, then the dreams of a population of about 35 lakh will change. Their steps, their destinations will change. Within Himachal, the six areas left after Yol cantonment are also waiting for a new dawn with this intention. It is a different matter that the journey ahead of this exemption should be ensured and strengthened. If tomorrow all these areas declare themselves as rural and hold a meeting in the Panchayat, then what will happen to those traditions and systems under which many decades of civil life have passed. For example, a large civil community in the Yol cantonment area is today standing at an autocratic crossroads, separated from the old system. More or less, while living in the cantonment area, the citizens had a disciplined sense of obedience in the midst of traffic, water and electricity supply, sanitation system, the parameters of urban life and military management. If tomorrow, like Yol cantonment, the civil town in Kasauli declares itself a village or the people of Subathu stand near the Panchayat house, then their streets will be flooded with filth and leakage will flow in the drains. Therefore, the civil society that has come out of the cantonment areas will have to be brought under the purview of urban bodies under the TCP, so that the system remains in high standards of environment. The people have dispersed outside the Yol cantonment, but the system that was going on for years has collapsed. The conflict between the two systems has increased, as a result the condition of dirt and disorder right outside the army area has become troublesome. What should have happened is that these areas should have been managed in future by systematic development under Dharamshala Municipal Corporation and in coordination with military establishments. Now that the management of civilian settlements is being separated from the other six cantonment areas including Yol Camp, the question also arises that to keep this public, which has been under this system for years, in a better framework of civic amenities, either it should be considered in the urban body or brought in the periphery of the nearby cities. The citizens of Jatog and Yol should be brought.

# There is no value of tongue anymore, why has lying become common?

In old times, tongue was of great importance to people; promises were kept. People used to remember things spoken and knowledge was transferred from generation to generation. Nowadays, people make promises and forget them; they forget to return money after borrowing it. The lender hesitates to ask for his money back. It seems that people have become even more treacherous after getting educated. In earlier times, tongue was of great value to people. Even the words spoken in private had weight. In those days, people did not write their words on paper. Whatever they said became a firm promise and vow. Perhaps that is why they used to say that life may be lost, but a vow should not be broken. Those were the days when everything was memorized by heart. People used to memorize Vedas, Upanishads, proverbs, idioms and tables by heart. These were transferred from one generation to another in this manner. By the way, paper had not been invented at that time, so people had to memorize and preserve everything. Speaking or repeating was done through the tongue, so things were remembered for a long time. That was the time of the tongue. At that time there were no locks and people were not tongue-twisters. There was no need. People were true to their word. Whatever they said, they said it. Whatever they said, it became a rule of stone. A man who was a man of loose talk was looked down upon. People did not trust him. He was considered dishonest and treacherous. Now remembering anything has become a thing of the past. Today the situation is such that if you say something in the morning and ask in the evening, the answer you get is- when did I say that. That is, now people have started going back on their word in a day itself. There are some who, if they ask for a thousand or two thousand rupees from you and take it away and promise to return it in a week, then for two-four months they do not even say that they have to return your money. Then when you hesitantly ask for your money, they say- I am not going away somewhere. If someone has taken ten or twenty thousand rupees promising to return it on a certain date next month, then after several months have passed and you try to get that date, he stops picking up your phone. Some even block you. Earlier, when people used to borrow money or something else from others, they used to remember that they have borrowed a certain thing from a certain person and have to return it on a certain day. From the day they borrowed, they used to count the days to return it and if they were not able to return it on time, they used to apologize. Today, words have no value. Now the person who lends money hesitates as to when and how to ask for his money back and the person who returns it behaves as if he does not remember anything. If someone ever reminds, then we get to hear the advice that money is dirt on the hands or never bring money between friendship. The result is that neither friendship nor money survives. I feel that as a man became more educated, he became more treacherous! What is the use of people being so educated, when their tongue has no value left. What good will a person who learns to cheat and deceive after getting educated, do to the society. Leaders take votes and then forget the promises made to the public. Today the value of tongue has vanished to such an extent that people have started keeping the transactions in writing. The creditor's thumb impression is put or his signature is taken so that he does not go back on his word. When such a creditor goes back on his word, that paper is shown to him to remind him. There are many who go back on their word with their signature itself. It seems that due to this habit people started lying and when this did not work, they started stealing. Some people also call it scamming or becoming a defaulter.

# First year of the third term, success of development and welfare policies

Neither Pakistan nor the world community would have imagined that India led by Modi would take such a tough action. The Modi government showed the country and the world that India knows how to fight terrorism. Another proof of this is the suspension of the Indus Water Treaty with Pakistan. The political environment in which the first year of the third term of the Modi government is going to be completed is more remarkable because when this government started its third innings, the political environment was completely opposite. This was because the BJP could not get a majority on its own and had to depend on allies to form the government. Due to this, it was believed that the Modi government would not be able to take big and bold decisions like in its first and second terms and it may have to face pressure and influence from the coalition partners and especially JDU and Telugu Desam on many issues. The one-year tenure has shattered this notion and made it clear that even though the BJP may have been limited to 240 seats, the Modi government is as committed as before to implement its agenda. A big example of this is the law-making of the Waqf Amendment Bill. The BJP took its allies into confidence and moved ahead with its agenda of amending the Waqf Act and also accomplished it. Similarly, it is moving ahead with its agenda of holding simultaneous elections of Lok Sabha and Vidhan Sabhas. Now it has also become clear that the country will be freed from Maoism by March next year. The biggest example of how the Modi government is capable of taking bold decisions is Operation Sindoor. After the gruesome killing of 26 people by Pakistan-sponsored terrorists in Pahalgam, the way the Indian Army first destroyed Pakistan's terrorist bases and then demolished many of its major airbases is truly an unimaginable military action. Neither Pakistan nor the world community would have imagined that India led by Modi would take such a tough action. The Modi government has shown the country and the world that India knows how to fight terrorism. Another proof of this is the suspension of the Indus Water Treaty with Pakistan. The way the news came at the end of the first year of the third term that India has been successful in rescuing 27 crore people from extreme poverty in the last 11 years, is a sign of the success of the development and public welfare policies of this government. Apart from this, it is also clear that India is going to become the fourth largest economy of the world. All this does not mean that there is no challenge before the Modi government and the country has become free from all problems, but it is certain that the opposition and especially the Congress will have to abandon their extremely negative attitude while criticizing the policies of this government.

## Refusal to learn lessons from stampede incidents, negligence of administration and government again took lives of people

In the country where people are worried about disciplined behaviour and not letting chaos spread at public places, once again due to crowd mismanagement, negligence of administration and government, stampede took the lives of 11 innocent people and dozens of others were injured. After RCB's victory in the final match of IPL, it was decided to celebrate in a hurry at Chinnaswamy Stadium in Bengaluru. RCB gave this information through internet media. As soon as this information was received, cricket fans left for the stadium. The craze for cricket and cricketers in our country is not seen anywhere else in the world. Cricketers are more attractive than film stars, religious leaders and politicians. If people get a chance to see big cricketers closely, they are ready to bear any hardship. That is why T-20 cricket matches are watched the most - in the stadium as well as on TV and mobile. When RCB won the IPL title after a long wait of 18 years, people of a metropolis like Bangalore rushed to see famous cricketers and especially Virat Kohli, Bhuvneshwar Kumar, Krunal Pandya etc. No arrangements were made to control the huge crowd of cricket fans in the hastily organized ceremony in Bangalore and the half-hearted arrangements that were made proved insufficient in front of the crowd. The capacity of Chinnaswamy Stadium is 35 thousand, but many times more people were ready to go there. All of them tried to enter the stadium - even those who did not have 'passes'. That is why there was a stampede and the occasion of happiness turned into mourning. This happened more because no concrete measures were taken by the police to handle the huge crowd. It was not that this crowd could not be controlled. This could have been done easily with proper planning and preparation. This was also done in the ceremony organized in Mumbai when the Indian cricket team won the T-20 World Cup. After all, what could be done in Mumbai, why could it not be done in Bengaluru? As is the case in our country, after the avoidable tragedy in Bengaluru, a series of accusations and counter-accusations, suspensions, transfers, investigations etc. have started. This will continue, but it is difficult to say whether the people responsible for the stampede will be held accountable. Whatever it may be, it cannot be ignored that seeing the possibility of a large crowd of cricket fans gathering in the stadium, the leaders also thought it better to participate in the celebration of RCB. The players hardly have the desire to meet the leaders, but the leaders are ready to meet them and take photos with them. It is natural that the RCB management would also have wanted the presence of the leaders in the celebration of their team's victory. They also attended. When a VIP goes to any event, the police remains alert for his security, but hardly cares about the security of the common people. Due to this, people have to face trouble. In our country, stampedes keep happening in political, religious and social events. People die in these events, but people avoid learning any important lesson. If proper arrangements are not made to control the crowd in such events, then there is jostling to get close to leaders, actors, players etc. This often turns into a stampede. India is a country with a large population. Crowds are seen in public places in our big cities, but the problem is that in India, neither the infrastructure is built according to the increasing population, nor the measures for crowd management are implemented.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकर समिति की बैठक आयोजित हुई

सरकार द्वारा प्रयोजित शासकीय ऋण योजनाओं में बैंको द्वारा उदासीनता बरते जाने पर, नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही के दिए निर्देश बैंकर्स को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए निर्देश जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकर समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एलडीएम ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में ऋण जमानुपात मार्च 2025 में मार्च 2024 के स्तर 66.55 से सुधकर 66.64 दर्ज किया गया और जनपद में कार्यरत सभी बैंकों की कुल जमा राशि 30465.25 करोड़ एवं ऋण राशि रु0 20336.56 करोड़ रही। इसके साथ ही बैठक बैंकों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी द्वारा कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैठक में सरकार द्वारा प्रयोजित शासकीय ऋण मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, राष्ट्रीय कार्यवाहियों के अन्तर्गत बैंको द्वारा उदासीनता नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता करने हेतु सबसे ज्यादा पेंडेंसी प्रथमा बैंक की पेंडेन्सियों को कम करने के लिए कार्यवाही बैंको के प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा प्रायोजित क्रियाशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता स्थिति वाले बैंकों को लम्बित आवेदनों को निर्देश दिये गये। पशुपालन एवं मत्स्य पालन




में जिन बैंकों का सीडीरेशियों मानक से कम रहा उन सीडीरेशियों में प्रगति हेतु त्वरित कार्यवाही एवं जनपद मुरादाबाद में सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, केनरा की स्थिति ऋण् जमा अनुपात में खराब पायी गयी। योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन इत्यादि में लोन वितरण संबंधी प्रदर्शित एवं खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा को अमल में लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण समूहों को क्रेडिट लिकेंज में लक्ष्य के सापेक्ष ऋण प्रदान होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी शासकीय ऋण योजनाओं में संवेदनशीलता और दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण समूह को दिए जाने वाले लोन के संबंध में खराब त्वरित कार्यवाही कर आवेदनों का निस्तारण करने के हेतु किसान क्रेडिट कार्ड योजना पर लम्बित आवेदनों की स्थिति को सुधारने हेतु जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग और बैंकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित इत्यादि लाभार्थीपरक योजनाओं पर बैंको द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा दिए जा रहे ऋण सेंक्सन एवं वितरण की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने एसबीआई, पीएनबी, बी0ओ0बी0 बैंको में अधिक पेंडेंसी होने पर उनके प्रतिनिधियों को क्रियाशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार, एलडीएम, उपनिदेशक कृषि श्री संतोष द्विवेदी, नाबार्ड एवं आरबीआई के संबंधित अधिकारी सहित जनपद के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जानकारी देवी ने बताया कि बाल विकास विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त जनपद बनाने हेतु परियोजना स्तर पर कैम्प लगाकर किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं की एनीमिया की जांच एवं उपचार किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प में स्वयं उपस्थित रहकर अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को आंगनवाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से कैम्प में बुलाकर उनकी एनीमिया की की जांच कराना सुनिश्चित करें तथा उसकी रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ठाकुरद्वारा के एएनएम सब सेन्टर शरीफनगर में दिनांक 12 जून को, भगतपुर टांडा के बाल विकास परियोजना पीपलसाना भगतपुर टांडा में दिनांक 12 जून को, मूढ़ापाण्डे के आंगनवाडी केन्द्र दलपतपुर मूढ़ापाण्डे में दिनांक 12 जून को, बिलारी के बाल विकास परियोजना कार्यालय बिलारी में 12 जून तथा छजलैट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांठ में दिनांक 12 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उपजिलाधिकारी कांठ ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद मुरादाबाद की तहसील कांठ में दिनांक 25.06.2025 को प्रातः 11 बजे उपजिलाधिकारी कांठ की अध्यक्षता में तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा-61 यथा संशोधित- 2016 के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाब आवंटन शिविर का आयोजन किया जायेगा। मत्स्य पालन पट्टे की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम् आय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र जो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 6 माह से अधिक पुराना न हो प्रस्तुत करना होगा। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-61 के अन्तर्गत निहित सपठित प्रावधानों के अनुसार मत्स्य पालन हेतु तालाबों के 10 वर्षीय पट्टों का आवंटन किया जायेगा, जिसमें मछुआ समुदायों के व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए तहसीलदार कार्यालय कांठ में संपर्क किया जा सकता है। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्री संजीव कुमार जैन ने बताया कि जनपद मुरादाबाद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों हेतु माह अगस्त-2025 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थी को बेवसाइट http://www.scvtup.in पर दिनांक 12.05.2025 से 05.06.2025 तक थी, जिसको पुनः 22.06.2025 रात्रि 12:00 बजे ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम अभ्यर्थी को अपना मोबाईल नम्बर पंजीकृत करना होगा तथा ओ0टी0पी0 के माध्यम से सत्यापित करना होगा। फार्म भरने के पश्चात् Online fees जोकि सामान्य/ओ0बी0सी0 के लिए रुपये 250 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रुपये 150 का भुगतान करना होगा। फीस स्वीकृत होने के उपरान्त भरे फार्म का एक प्रिंट आउट अपने पास अभ्यर्थी को समय पर मांगे जाने हेतु सुरक्षित रखना होगा।

# मुरादाबाद में महिला की गोली मारकर हत्या, अंजुम की बेटी ने इन लोगों पर लगाया कत्ल का आरोप

मुरादाबाद- मुरादाबाद में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। कुंदरकी में गुरुवार सुबह मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित कन्या इंटर कॉलेज के पास 32 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसपी देहात, क्षेत्र अधिकारी बिलारी, पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अंजुम मुंडा पांडे थाना इलाके



की रहने वाली थी, उसकी शादी रामपुर जिले में शादाब के साथ हुई थी। शादाब और अंजुम की दो बेटी इंसा और माही हैं। हालांकि बाद में अंजुम का शादाब से तलाक हो गया। कुंदरकी के मोहल्ला नुरुल्लाह में अंजुम अपनी दोनों बेटियों के साथ आकर रहने लगी। करीब दो साल पहले कुंदरकी निवासी हाफिज से अंजुम ने कोर्ट मैरिज कर लिया। कुछ दिन बाद दोनों में अनबन रहने लगी। अंजुम ने कुंदरकी थाने में हाफिज के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया था। अंजुम की बेटी का कहना है कि गुरुवार सुबह उसकी मां की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बेटी का आरोप है कि हाफिज और उसके भाई खालिद ने घटना को अंजाम दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल से एक तमंचा और छुरी बरामद हुई है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यूपी का अमन शुक्ला हत्याकांड- रात में दोस्तों के साथ था अमन, सुबह मिली लाश; मोबाइल बंद कर गायब हुए तीनों साथी

मुरादाबाद- मुरादाबाद में ट्रेड यूनियन के जिला सचिव के बेटे की गोली मारकर हत्या की गई है। युवक मंगलवार शाम करीब पांच बजे किसी का फोन आने पर मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। मुरादाबाद के अमन शुक्ला की हत्या करने वालों की तलाश में पुलिस की चार टीमें जुटी हैं। बुधवार को दिन भर पुलिस ने शांति नगर, ढक्का, पैपटपुरा और आस पड़ोस के मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। जिससे पुलिस को पता चला कि अमन मंगलवार की रात अपने तीन साथियों के साथ था। बुधवार सुबह अमन की लाश मिली लेकिन तीनों साथी अपने-अपने मोबाइल बंद कर गायब हो गए। जिससे इस हत्याकांड में इन साथियों की ओर शक गहरा गया है।मझोला के पैपटपुरा निवासी अमन शुक्ला भी अपने पिता संजीव शुक्ला और भाई केशव शुक्ला की तरह फर्म में नौकरी करता था। पिता ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह पहले चक्की पर गेहूं रखने गया था। कुछ देर बाद वह वापस आ गया। उसने आटा रख दिया और पानी पीने लगा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आई।तीन अन्य साथियों के साथ मंडी समिति में देखा गया था अमन कॉल रिसीव करते ही वह घर से बाहर निकल गया था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। बुधवार सुबह उसकी लाश शांति नगर में पड़ी मिली। इसके बाद मझोला थाने और एसओजी ने हत्यारों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया है कि अमन अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंडी समिति में देखा गया था। इसके बाद ही वह गायब हुआ है। पुलिस के अनुसार अमन के तीनों साथी भी मझोला क्षेत्र में ही रहते हैं और फर्म में काम करते हैं। अमन का शव मिलने के बाद से तीनों





गायब हैं।तीनों के मोबाइल भी बंद हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले रखा है। एसपी सिटी ने बताया कि तीनों की तलाश की जा रही है। इनसे पूछताछ के बाद ही पता चला कि इस हत्याकांड को किसने और क्यों अंजाम दिया है। तीन दिन पहले हरिद्वार गया था युवक अमन के पिता संजीव शुक्ला ने बताया कि उनका बेटा तीन दिन पहले अपने एक दोस्त के भतीजे के मुंडन में हरिद्वार गया था। हरिद्वार में यह लोग एक दिन रुके थे। इसके बाद वापस आ गए। परिवार के लोगों ने पूछताछ की तो अमन ने इसकी जानकारी दी थी।मोबाइल पर लगातार जा रही थी कॉल मंगलवार रात से अमन के मोबाइल पर कॉल जा रही है। बुधवार सुबह और दोपहर में भी उसके मोबाइल पर कॉल जा रही थी। पुलिस सर्विलांस की मदद से मोबाइल को ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। मोबाइल की लोकेशन घटनास्थल के आस पास ही आ रही है। पुलिस टीम मोबाइल ढूंढने का प्रयास का रही है।ट्रेड यूनियन के जिला सचिव के बेटे का कत्ल मुरादाबाद में ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन (एआईयूटीयू) के जिला सचिव संजीव शुक्ला के बेटे अमन शुक्ला (20) की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। अमन मंगलवार की शाम से लापता था। बुधवार सुबह उसका शव मझोला क्षेत्र में ढक्का रोड पर शांति नगर में एमडीए की आवासीय कॉलोनी के पास प्लॉट में पड़ा मिला। मौके पर युवक का फोन नहीं मिला, लेकिन उस पर लगातार कॉल जा रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मूलरूप से शाहजहांपुर के जलालनगर निवासी संजीव शुक्ला मझोला के पैपटपुरा में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में बेटा केशव, अमन और एक बेटी व पत्नी मीना हैं। संजीव शुक्ला मझोला क्षेत्र में ही फर्म में नौकरी करते हैं। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उन्होंने बताया कि उनका छोटा बेटा अमन मंगलवार शाम करीब पांच बजे किसी का फोन आने पर मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। काफी इंतजार के बाद भी अमन नहीं आया तो पिता ने उसके मोबाइल पर कॉल की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। बुधवार सुबह करीब छह बजे लोगों ने मझोला क्षेत्र में ढक्का रोड पर शांति नगर में एक प्लॉट में युवक का शव पड़ा देखा। इसकी जानकारी मिलने पर मझोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और फोरेंसिक टीम भी बुला ली। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता भी पहुंच गए। सूचना मिलने पर संजीव शुक्ला भी मौके पर पहुंच गए और अपने बेटे अमन के शव की पहचान की। अमन फर्म में काम करता था। बुधवार शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि अमन को सामने से गर्दन में गोली मारी गई थी। गोली गर्दन को चीरते हुए पिछले हिस्से से बाहर निकल गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

# बाइक की टक्कर से शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की मौत

### मुरादाबाद-टिहरी हाइवे पर हुई सड़क दुर्घटना

मुरादाबाद-टिहरी हाइवे पर किनारे खड़े युवक को बाइक चालक टक्कर मारकर भाग गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बुधवार की रात रामपुर के थाना टांडा के गांव रामनगर लतीफपुर निवासी उमर के बेटे नदीम व वसीम रिश्तेदार की शादी में भोजपुर गणेशपुर के बीच में स्थित मैरिज हॉल में आया थ। गर्मी के चलते वसीम हॉल से बाहर निकल कर रोड के किनारे खड़ा हो गया। तभी गणेशपुर देवी दिशा से तेज गति से आ रहा प्लेटिना बाइक चालक उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना करके मौके से भागी बाइक का फोटो खींच लिया। नदीम घायल भाई का उपचार कराने एंबुलेंस से सीएचसी भोजपुर, पीपलसाना के निजी अस्पताल, चकबेगमपुर में स्थित अस्पताल ले गया। हालत गंभीर होने पर सभी चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस पर परिजन परिजन पाकबड़ा स्थित टीएमयू लेकर गए तब तक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। पुलिस ने मृतक के नदीम की तहरीर पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना उप निरीक्षक राहुल गोयल कर रहे हैं।

# सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में घुसी रोडवेज बस,यात्रियों में मच गई चीखपुकार, 14 यात्री घायल, दो रेफर

मुरादाबाद- गुन्नौर इलाके में राडवेज बस सड़क पर खड़े दूसरे वाहन से टकराया गया। इस हादसे में 14 यात्री जख्मी हो गए। उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया है। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव रसूलपुर के नजदीक बुधवार देर रात तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में जा घुसी। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचा। जहां चिकित्सक ने दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बरेली डिपो की बस आनंदबिहार से चल कर बदायूं जा रही थी। बस में करीब 20 यात्री ही थे। अधिकांश यात्री नींद में में थे। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव रसूलपुर के नजदीक अचानक बस अनियंत्रित होकर डीसीएम से टकरा गई।टक्कर लगने से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं टक्कर लगने से यात्री अपनी-अपनी सीटों से उछल कर इधर-उधर टकरा गए। हादसे में डीसीएम चालक 14 लोग घायल हो गए। चीख पुकार मचने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस बुला कर घायलों को सीएचसी भेज दिया। जहां घायल हारुन पुत्र बुद्धि निवासी फकीरा मोहल्ला थाना बहजोई व प्रवीण पुत्र स्वराज निवासी गठोना थाना उझानी जनपद बदायूं की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस जवान की मौत पत्नी और बेटी लापता के घटनास्थल पर जाँच करते पुलिस के आला अधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

बरेली में एक सिपाही का शव किराए के घर में खून से लथपथ हालत में मिला। घटना के बाद से सिपाही की पत्नी और बेटी गायब हैं। जानकारी होते ही मौके पर स्स्क्क, एसपी सिटी, सीओ सिटी और इंस्पेक्टर समेत फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वॉड की परिचय पत्र संख्या ¬ नाम ¬ सुकेश कुमार त्यागी भारती ।।28 जारी करने की तिथि 01-01-200 उत्तर प्रदेश पुलिस फाइल फोटो सिपाही मुकेश कुमार त्यागी 4 जून से चल रहा था गैरहाजिर संभल निवासी 38 साल का मुकेश कुमार त्यागी सुभाषनगर के मढ़ीनाथ मोहल्ले में किराए के मकान4 जून से चल रहा था गैरहाजिर संभल निवासी 38 साल का मुकेश कुमार त्यागी सुभाषनगर के मढ़ीनाथ मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। पुलिस को सूचना मिली कि एक सिपाही का शव कमरे में खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ है। जिसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सिटी सेकेंड अजय कुमार, सुभाषनगर थाने के इंस्पेक्टर अरुण कुमार मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही मुकेश कुमार त्यागी 4 जून से गैरहाजिर चल रहा था और उससे पहले कोतवाली से निशराब पीकर पत्नी से करता था विवाद एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सिपाही मुकेश कुमार त्यागी शराब पीने का आदी था। वह शराब पीकर आए दिन पत्नी से मारपीट करता रहता था। घर का सामान भी फेंक देता था। जिस वजह से सिपाही का अपनी पत्नी से आए दिन विवाद होता था। ऐसा माना जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुई हो और धक्का-मुक्की में सिपाही के सिर में किचन का टाइल्स लगा, जिसके बाद उसकी मौत हुई हो।लंबित चल रहा था।



# भाजपा सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर सांसद ने मोदी सरकार की तारीफ की

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

बरेली। केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी बरेली ने होटल ओबराय आनंद में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने मीडिया को संबोधित किया उन्होंने कहा केंद्र सरकार के 11 साल में जो कार्य किया है वह ऐतिहासिक है ।साथ ही सरकार की नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्ण्रिम अक्षरों में लिखा जायगा। यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धी का स्वर्णिम काल बन रहा है। बीते 11 वर्षो की यह यात्रा मोदी जी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड देशवासियों के पराक्रम त्याग और सपनो को परवाज देते हुए की है। मोदी जी की सरकार का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। जहां तकनीक है, वहां तरक्की है, जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है। शासन अब सेवा है। सरकार अब सहभागी है। सुशासन अब संस्कृति है. पिछले 11 वर्षो में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल का शुरूआत की गई है। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से ।सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, मेयर डॉ उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलए कैंट संजीव अग्रवाल, एमएलए नवाबगंज डॉ एमपी आर्य, एमएलए मीरगंज डॉ डी सी वर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिला प्रभारी देवेंद्र चौधरी, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, अंकित माहेश्वरी, मनीष अग्रवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ,,के अलावा भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।




# फ्यूचर यूनिवर्सिटी और शासकीय रोजगार कार्यालय, बरेली द्वारा मेगा जॉब फेयर 2025 13 जून को

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

बरेली, - बरेली एवं आस-पास के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, फ्यूचर यूनिवर्सिटी, बरेली और शासकीय रोजगार कार्यालय, बरेली के संयुक्त तत्वावधान में आज एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 13 जून 2025 को फ्यूचर यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर 2025 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शासकीय रोजगार कार्यालय के प्रतिनिधि, देशभर की नामचीन कंपनियों के एचआर मैनेजर तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजन के उद्देश्यों, दायरे और संभावित प्रभाव पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। फ्यूचर यूनिवर्सिटी के प्रो वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार मिश्रा ने अपने मुख्य संबोधन में कहा¬ इस आयोजन का उद्देश्य केवल नौकरियाँ देना नहीं है, बल्कि युवाओं को करियर की दिशा में ठोस मार्ग प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि छात्र और युवा सीधे कंपनियों से जुड़ सकें। इस जॉब फेयर में देशभर की 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी और 5000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँगे। उन्होंने आगे बताया कि आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, एजुकेशन, फाइनेंस, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और ई-कॉमर्स जैसे विविध क्षेत्रों की कंपनियाँ भाग लेंगी, जिससे विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए अभ्यर्थियों को उपयुक्त अवसर मिल सकें। शासकीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक श्री त्रिभुवन सिंह ने कहा¬ यह आयोजन बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहाँ ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू और तत्काल चयन प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाएगी।




# हवलदार की पत्नी की हत्या पर अदालत ने दोषी को सुनाई उम्र कैद की सजा

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

बरेली। अदालत ने जाट रेजिमेंट के सिग्नलमैन को अपने साथी सैनिक की पत्नी की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास और 22,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को बताया कि सत्र न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी की अदालत ने मंगलवार को साथी सैनिक मनोज सेनापति की पत्नी सुदर्शना सेनापति (35) की हत्या के जुर्म में नितेश पांडे को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। अपर जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) हेमेंद्र गंगवार ने बताया कि मामला 13 मार्च, 2023 का है। बरेली कैंट के यूवी एरिया सिग्नल रेजिमेंट के मेजर अनुभव मलिक ने पुलिस को सूचित किया था कि दोपहर करीब दो बजे उन्हें फोन पर सुदर्शना सेनापति की उनके क्वार्टर (अधिकारियों के आवास) पर हत्या की सूचना दी गई। गंगवार के अनुसार, मनोज सेनापति के पड़ोसी पांडे को शक था कि उनकी पत्नी का मनोज के साथ संबंध है। गुस्से में वह मनोज के घर गया और सुदर्शना से उसकी बहस हो गई। पांडे ने कथित तौर पर धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वकील ने बताया कि कैंट थाने में मामला दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान नौ गवाह पेश किए। वकील ने कहा कि मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) अदालत नंबर 3 ने गाजीपुर जिले के मूल निवासी नितेश पांडे को दोषी ठहराया और उसे सजा सुनाई। गंगवार ने कहा कि जुर्माना न भरने की स्थिति में पांडे को छह महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। पांडे वर्तमान में यूवी एरिया सिग्नल रेजिमेंट, बरेली में सिग्नलमैन के रूप में तैनात है।

# राजा परीक्षित की कथा श्रवण करने से कलियुग का प्रभाव कम होता है- रोहितानंद जी महाराज

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।थाना हाफिजगंज के गांव कुंवरपुर बंजरिया के प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में वृहस्पतिवार को पूज्य बालव्यास डॉ रोहितानंद जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाते हुए कहा मनुष्य को अपने जीवन में दो की परीक्षा कभी नहीं लेनी चाहिए एक तो संत की दूसरे भगवत की सती ने भगवान की परीक्षा ली ।परिणाम स्वरूप यज्ञ में जल के मरना पड़ा और राजा परीक्षित ने संत की परीक्षा ली तो सात दिन में मरने का श्राप मिला पूज्य श्री ने कहा चरित्र और चाय जहां भी गिर जाती है ।वहां दाग आ जाता है। हमारे इस राष्ट्र में चित्र की पूजा नहीं होती पूजा चरित्र की होती है। इसलिए हम मनुष्य को चरित्र का निर्माण करना अति आवश्यक है ।चित्र बढ़िया ना हो काम चलेगा पर चरित्र बढ़िया हो आज के लोग चित्र बढ़िया बनवाने में लगे हैं। इससे ज्यादा जरूरी है चरित्र का निर्माण अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, उन्हें सेवा का अवसर दें, इस मौके पर भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।




# मुसलमानों के साथ हो रही नाइंसाफी के खिलाफ आईएम सी प्रमुख मौलाना तौक़ीर रज़ा खान रविवार को देंगे गिरफ्तारी

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

आईएमसी में नए पदाधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी टीम का हुआ ऐलान बरेली, लंबे समय से भंग चल रहे आई एम सी संगठन को बहाल करते हुए आज नई टीम का ऐलान कर दिया गया जिसमें शमशाद बाबू जी (पूर्व प्रधान)को बरेली जिलाध्यक्ष बनाया गया है जबकि बरेली महानगर की जिम्मेदारी पार्षद अनीस सकलेनी को सौंपी गई है सिटी स्टेशन के सामने मदरसा प्रांगण में जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए आई एम सी प्रमुख मौलाना तौक़ीर रज़ा खान ने कहा कुछ लोग आजादी की लड़ाई में अंग्रेजो के तलवे चाट रहे थे उस वक्त सच्चे देश भक्त मुसलमानों पर अंग्रेजो की लाठियां चल रही थी आज सच्चे हिन्दुस्तानी मुसलमान जो देश के लिए अपनी जान दे सकते है उन्हीं पर पुलिस की लाठियां चल रही है जो गद्दार देश को लूट रहे है उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई न कोई कर सकता है अगर कोई कर सकता है तो तुम्हारा इतिहास है तुम एक अल्लाह को मानते हो अपने रसूल के सच्चे आशिक हो तो तुम्हे अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी जब तक बेमानी हो रही हमारे बच्चों की लिचिंग हो रही बहन बेटियों को बे इज़्ज़त किया जा रहा है जब तक यह तरीक़ा बंद नहीं किया जाता तब तक हमे आज़ाद रहने का कोई हक़ नहीं है उन्होंने कहा मुसलमानों गर्मी से नहीं कब्र की गर्मी की परवाह करो क्या जवाब दोगे जब तुम्हारे साथ बेमानी हो रही थी तुम्हारे पास हिम्मत थी दिमाग था लेकिन तुम ने कुछ नहीं किया मौलाना ने कहा जो कहते है मुसलमानों का कत्ल करदो उनकी बहन बेटियों को बहका कर शादियां करो नकाब खींचे जाते है उन पर कार्यवाही नहीं होती उधर पिछले दिनों बरेली में ऐसी लड़की जो बहक गई उनसे लड़कों ने यह कह दिया इस तरह नकाब पहन कर बदनाम मत करो उन पर कार्यवाही की जाती है पूरे देश में यही हालात बना दिए गए है एक तरफ़ कार्यवाहीया की जा रही है मौलाना ने कहा अब खामोश बैठने का वक्त नहीं है ऐसी आज़ादी किसी काम की नहीं हम आजाद है तो यह न इंसाफिया सहन नहीं की जा सकती मौलाना ने कहा हुकूमत क्या कर रही सवाल यह नहीं है सवाल यह है के इंतजामिया जो ओहदों पर बैठे है वह किसी धर्म के हो उनका काम इंसाफ करना है लेकिन देखा जा रहा है बहुत जगह पर मज़हब की बुनियाद पर न इंसाफिया की जा रही है यह बड़ी तकलीफ़ दे बात है इस लिए आज हम ऐलान करते है की इसी रविवार को मै अपनी गिरफ्तारी दूंगा आगे यह काम पूरे उत्तर प्रदेश में किया जाएगा संचालन मुफ्ती एहसानुल हक़ चतुर्वेदी ने किया मौजूद रहे मुनीर इदरीसी,साजिद सकलेनी,सलीम खान,वकील खान,आबिद मंसूरी,रिजवान अंसारी,अल्तमश रज़ा,इस्तेखार अहमद, ज़ाकिर,अजीम खान,रुकसार रज़ा,सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# पंजाब से बरेली आया युवक कोरोना पॉजिटिव, तीन साल बाद वायरस ने दी दस्तक

क्यूँ न लिखूँ सच - पं सत्यमशर्मा

बरेली । तीन साल बाद कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दी है। शहर के एजाजनगर गौटिया का युवक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। वह पंजाब में मजदूरी करता था। वहीं उसने जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इससे पहले ही युवक बरेली चला गया। पंजाब से युवक के आधार कार्ड पर लिखे पते के आधार पर जांच रिपोर्ट बरेली भेजी गई।




इसके बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। युवक की ट्रैकिंग के लिए उसे कॉल की गई तो उसने अपना पता पूरनपुर पीलीभीत बताया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आधार कार्ड पर स्पष्ट पता न होने से युवक को खोजने में दिक्कत आ रही है। उसने अपना फोन भी स्विच ऑफ कर लिया है। फिलहाल उसके बारे में पता किया जा रहा है।

# रिठौरा क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुघर्टना में दो की मौत,मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच

